# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 23 अप्रैल 2025








GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान रॉयल्स से IPL इतिहास के सबसे युवा डेब्यू करने वाले खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी मूल रूप से किस राज्य के हैं?**

(A)हरियाणा

**(B)राजस्थान**

(C)बिहार

(D) इनमें से कोई नही

♦ चर्चित खिलाड़ी – वैभव सूर्यवंशी (IPL 2025)

♦ सबसे युवा खिलाड़ी: 14 साल 23 दिन की उम्र में वैभव सूर्यवंशी IPL इतिहास के सबसे युवा डेब्यू खिलाड़ी बने।

♦वैभव सूर्यवंशी का संबंध बिहार के समस्तीपुर जिले के ताजपुर गांव से है

♦राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें ₹1.1 करोड़ में खरीदा।

♦ वैभव ने प्रयास रे बर्मन (16 साल 157 दिन, RCB) का सबसे युवा खिलाड़ी बनने का रिकॉर्ड तोड़ा।

**01. राजस्थान पुलिस प्रदेश में बाल विवाह की रोकथाम के लिए कब से विशेष अभियान ऑपरेशन लाडली चलाने जा रही है.?**

**(A) 26 अप्रैल**

**(B) 30 अप्रैल**

**(C) 29 अप्रैल**

**(D) इनमें से कोई नही**

**Important Facts:**

♦राजस्थान पुलिस प्रदेश में बाल विवाह की रोकथाम के लिए एक विशेष अभियान ऑपरेशन लाडली चलाने जा रही है. अभियान का उद्देश्य बाल विवाह को रोकने के लिए जागरूकता फैलाना और कानूनी कार्यवाही करना है.

♦यह अभियान 26 से 30 अप्रैल तक तक चलेगा.

♦बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार बाल विवाह एक अपराध है.

♦इस कुप्रथा का आयोजन विशेष कर अक्षय तृतीया (आखातीज) व पीपल पूर्णिमा जैसे पर्वों के साथ-साथ अन्य सावों पर भी विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाता है

02. कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) ने राजस्थान के किस जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है?

(a) कोटा

(b) जयपुर

(c) जोधपुर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने 22 अप्रैल को घोषणा की कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) ने देश भर में 10 नए ईएसआईसी मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।

♦वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नए ईएसआईसी मेडिकल कॉलेजों के लिए स्वीकृत स्थलों में राजस्थान से जयपुर शामिल हैं

♦यह निर्णय ईएसआई निगम की 194वीं बैठक के दौरान लिया

03. हाल ही में राजस्थान के किस जिले में तीन दिवसीय राष्ट्रीय अंडर 20 कुश्ती प्रतियोगिता 22 अप्रैल से शुरू हुई है?

(A) जयपुर

(B) कोटा

(C) अजमेर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ कोटा जिले में नयापुरा स्थित खेल परिसर के रघुराई एण्डो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीन दिवसीय राष्ट्रीय अंडर 20 कुश्ती प्रतियोगिता 22 अप्रैल से शुरू हुई है

♦राजस्थान के कोटा में 22 अप्रैल को अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का शानदार शुभारंभ हुआ. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रतियोगिता नगाड़ा बजाकर उद्घाटन किया.

♦ इसमें 26 राज्यों के 800 पहलवान भाग ले रहे हैं.

**04. राजस्थान में ईसरदा बाँध प्रोजेक्ट के तहत कितने गाँवों को लाभान्वित किया जाएगा?**

**(A) 1256**

**(B) 1473**

**(C) 1101**

**(D) इनमें से कोई नही**

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

♦ ईसरदा बाँध प्रोजेक्ट के तहत 1256 गाँवों को लाभान्वित किया जाएगा?-

♦ईसरदा बांध (Isarda Dam) का निर्माण 90% पूरा हो चुका है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मिशन मोड में चल रहे इस प्रोजेक्ट को जुलाई तक खत्म करने का लक्ष्य है।

♦ईसरदा बांध का निर्माण टोंक जिले की उनियारा तहसील के बनेठा गांव के पास बनास नदी पर किया जा रहा है। यह परियोजना दो चरणों में पूरी होगी।

♦1256 गांवों और 6 शहरों को मिलेगा पानी

**05. राजस्थान के किस जिले में साइबर थाने खोले जाने की घोषणा बजट 2025-26 में की गई थी?**

(A) ब्यावर, बालोतरा

(B) डीडवाना-कुचामन, फलौदी

(C) खैरथल तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़

(D) उपर्युक्त सभी

**Important Facts:**

➥ ब्यावर, बालोतरा, डीडवाना-कुचामन, खैरथल तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़ और फलौदी में साइबर थाने खुलेंगे, इनकी घोषणा बजट 2025-26 में की गई थी

♦साइबर ठगी या साइबर फ्रॉड एक ऐसी आपराधिक गतिविधि है जिसमें कंप्यूटर, नेटवर्क और इंटरनेट का उपयोग करके व्यक्तियों या संगठनों को धोखा दिया जाता है।

♦ यह धोखाधड़ी वित्तीय नुकसान, व्यक्तिगत जानकारी की चोरी, या डेटा के दुरुपयोग से संबंधित हो सकती है।

**06.राजस्थान में सरस लाडो मायरा योजना की शुरुआत कब हुई है?**

(A) 3 अप्रैल 2025

(B) 5 अप्रैल 2025

(C) 1 अप्रैल 2025

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

♦ जयपुर डेयरी ने सरस लाडो मायरा योजना की घोषणा की है। यह योजना 5 अप्रैल 2025 से शुरू हुई।

♦इसके अंतर्गत डेयरी बेटियों की शादी में 21 हजार रुपये का मायरा भरेगी। इसका मकसद आर्थिक सहारा देना और समाज में बेटियों के सम्मान को बढ़ावा देना है।

♦इस योजना के तहत जयपुर डेयरी के 1.5 लाख रजिस्टर्ड दुग्ध उत्पादक किसानों की बेटियों की शादी में 21 हजार रुपये का पारंपरिक मायरा दिया जाएगा।

♦ यह योजना सामाजिक परंपरा को निभाने के साथ-साथ आर्थिक सहारा भी प्रदान करेगी।

07. राजीविका मिशन के तहत लखपति दीदी' योजना में इस वर्ष कितनी महिलाओं को इस योजना के तहत लाभ दिया जाएगा?

(a) 10 लाख महिलाओं को

(b) 5 लाख महिलाओं को

(c) 3 लाख महिलाओं को

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥महिला सशक्तिकरण के लिए राजस्थान सरकार द्वारा राजीविका मिशन के तहत 20 लाख महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 'लखपति दीदी' योजना का विस्तार किया जा रहा है.

♦इस वित्तीय वर्ष साल 3 लाख महिलाओं को इस योजना के तहत लाभ दिया जाएगा.

♦ इसके तहत महिलाओं को 1.5 प्रतिशत ब्याज पर 1 लाख तक का लोन दिया जाएगा, जो पहले 2.5 प्रतिशत था

08. राजस्थान में जल जीवन योजना की अवधि को कब तक बढ़ाने का ऐलान किया?

(a) वर्ष 2028

(b) वर्ष 2035

(c) वर्ष 2030

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान की उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी ने बजट 2025-26 के तहत जल जीवन योजना की अवधि को वर्ष 2028 तक बढ़ाने का ऐलान किया

♦वहीं आगामी वर्ष में राजस्थान सरकार द्वारा 20 लाख घरों में नए जल कनेक्शन दिए जाएंगे और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधा के लिए 425 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विभिन्न कार्य करवाए जाएंगे।

**09. वर्ल्ड अर्थ डे 2025 किस तारीख को मनाया गया?**

(a) 20 अप्रैल

(b) 21 अप्रैल

(c) 22 अप्रैल

(d) 23 अप्रैल

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➥वर्ल्ड अर्थ डे हर साल 22 अप्रैल को मनाया जाता है. इस साल इसकी 55वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है.

♦इस वर्ष की थीम "Our Power, Our Planet" रखी गई है, जो स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाने की आवश्यकता पर जोर देती है.

♦इसकी स्थापना अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने 1970 में एक पर्यावरण शिक्षा के रूप की थी।

**10. मुंबई इंटरनेशनल क्रूज टर्मिनल का उद्घाटन किस केंद्रीय मंत्री ने 21 अप्रैल 2025 को किया?**



(a) नितिन गडकरी

(b) हरदीप सिंह पुरी

(c) सर्बानंद सोनोवाल

(d) ज्योतिरादित्य सिंधिया

**Important Facts:**

➥ मुंबई इंटरनेशनल क्रूज टर्मिनल (MICT) का उद्घाटन 21 अप्रैल 2025 को केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने किया.

♦ इस अवसर पर उन्होंने क्रूज संचालन को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया. यह टर्मिनल भारत का सबसे बड़ा क्रूज टर्मिनल है, जिसे सालाना 1 मिलियन (10 लाख) यात्रियों को संभालने की क्षमता के साथ तैयार किया गया है।

♦इसकी दैनिक क्षमता लगभग 10,000 यात्रियों की है. इस टर्मिनल की विशेषता यह है कि यह एक साथ पांच क्रूज जहाजों को ठहराने में सक्षम है.

**Today, Quiz:**

**Q. सिविल सेवा दिवस के अवसर पर पहली बार "राजस्थान संपर्क पुरस्कार से कितने IAS अधिकारियों को सम्मानित किया गया?**

(a) 09

(b) 24

(c) 13

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine